# कलेक्टर ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

## राजस्व वसूली में गति लाने के दिये निर्देश



नवभारत न्यूज

**विदिशा 19 जुलाई** , कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आज राजस्व कार्यो की गहन समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए हैं.उन्होंने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित आरो बैठक में उपस्थित अनुभाग क्षेत्र के समस्त एसडीएम तथा तहसीलदार समेत सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश स्तरीय जारी ग्रेडिंग सूची में राजस्व वसूली के मामले में विदिशा जिले की स्थिति अच्छी बने इसके लिए राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें. उन्होंने राजस्व वसूली के कार्यों को पहली प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं.

कलेक्टर गुप्ता ने बैठक में विवादित, अविवादित नामांतरण, विवादित, अविवादित बंटवारा, नक्शा तरमीम, पीएम किसान ई-केवायसी, डिजिटल क्राप सर्वेक्षण, भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा सहित अन्य राजस्व से संबंधित कार्यों की समीक्षा की है.उन्होंने आरबीसी 64 के तहत सर्पदंश प्रकरणों के भुगतान की समीक्षा की तथा प्रकरणों में किसी भी प्रकार की विलंबता भुगतान में ना हो के निर्देश दिए हैं.उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसडीएमो को निर्देशित किया है. कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में वसूली के कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि वसूली के कार्यों मे संबंधित क्षेत्र में आरआई को लगाया जाना सुनिश्चित करें साथ ही साथ उन्होंने ग्रामवार सूची तैयार कर राजस्व वसूली की जाए के लिए निर्देश दिए हैं.उन्होंने आगामी बैठक में गिरदावरी में किए गए कार्यों की जानकारी लेकर आने के निर्देश भी दिए हैं. कलेक्टर श्री गुप्ता ने भरण पोषण के मामलों में गंभीरता से कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा है कि भरण पोषण के मामले में आवेदक यहां-वहां भटकें और परेशान ना हो इसके लिए विशेष ध्यान दें, सिविल कोर्ट में प्रकरण पेंडिंग ना रहे इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं बनाई जाना सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने विदिशा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों के संबंध में भी एसडीएम और तहसीलदार को मार्गदर्शन दिया है. उन्होंने कहा कि जिले में चिन्हित पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों का रुझान बढ़े इसके लिए विशेष कार्य किये जा रहे हैं. इसके लिए कमेटी की बैठक होगी जो भी पर्यटन क्षेत्र हैं सबकी सूची बनाई जाकर उपलब्ध कराएं. साथ ही साथ उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों के बोर्ड रास्ते पर अवश्य लगाए जाएं, जो भी बड़े पर्यटन स्थल हैं वहां भी जिले के अन्य पर्यटन स्थलों की जानकारी दर्ज की जाए ताकि पर्यटक बार्ड पर अंकित जानकारी से पर्यटक जिले के अन्य पर्यटन स्थलों पर भी पहुंच सकें. जिले के जिन क्षेत्रों में जल भराव और कीचड़ की स्थिति उत्पन्न होती है उन क्षेत्रों में कीचड़ की साफ-सफाई करने तथा जल भराव की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी दिशा निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा है कि आम नागरिकों को परेशानी ना हो इसके लिए बेहतर कार्य कीया जाना सुनिश्चित करें. विशेष कर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली विद्यार्थी जल भराव या कीचड़ इत्यादि के कारण स्कूल जाने से वंचित न रहे इसके लिए भी विशेष कार्य करें रास्ता प्रभावित न हो इसका विशेष ध्यान रखें.



# नल-जल योजना के लिये खोदी सीसी सड़क

## नागरिकों को आवागमन में हो रही परेशानी

नवभारत न्यूज

**पठारी 19 जुलाई ,विगत दिनों नल जल योजना की पाइपलाइन बिछाने का काम सीसी सड़कों को खोद कर किया जा रहा था. जिसके कारण सीसी पंचायत द्वारा बनाई गई सीसी सड़कों को वाइब्रेटर एवं जेसीबी से खोदा गया था.**

जिसको ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क को रिपेयरिंग का कार्य करना था लेकिन ठेकेदार द्वारा सड़कों को खुद छोड़कर लापता हो गए बारिश के कारण खुद ही सड़कों पर लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.सबसे अधिक परेशानी ईदगाह मोहल्ला मैं रहने वाले नागरिकों को परेशानी हो रही है.वहीं नागरिको ने सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी से भी खुदी पड़ी सड़कों को दुरुस्त करने की गुहार लगाई है.

## एक नजर में

### नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** एसपी रोहित काशवानी ने थाना बासौदा एवं थाना कुरवाई में दर्ज दो प्रकरण में फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए क्र मशः तीन-तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है. बासौदा के थाना देहात में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 132/2025 का फरार आरोपी बुन्देल सिंह पुत्र अनंत सिंह लोधी निवासी नयागांव थाना त्योंदा एवं कुरवाई थाना में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 122/2025 का फरार आरोपी कल्ला उर्फ शुभेन्द्र पुत्र लाखन सिंह राजपूत निवासी ग्राम झागर थाना कुरवाई सहित दोनों प्रकरणों में सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए क्रमशः तीन-तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है.

### दस हजार रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टरअंशुल गुप्ता ने शमशाबाद तहसील में स्थापित लोक सेवा केन्द्र के संचालन में अनियमिताएं पाएं जाने पर 10 हजार रुपए का अर्थ दंड अधिरोपित करने का आदेश जारी कर दिया है. अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि शमशाबाद के उक्त केंद्र के माध्यम से प्रदाय सेवाओं में अनियमितताएं पाये जाने एवं निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूलने संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही है. लोक सेवा केन्द्र शमशाबाद में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाए जाने पर आरएफपी में निहित प्रवधानों के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र का संचालन नहीं करने पर केंद्र के प्रोपराइटर देवेन्द्र कुमार संचालक लोक सेवा केन्द्र शमशाबाद के विरुद्ध आरएफपी के के तहत धाराओं के समेकित रूप में 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है. देवेन्द्र कुमार उक्त आरोपित राशि मुख्य शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं, उप मुख्य शीर्ष (60) अन्य सेवाएं, लघु शीर्ष (800)- अन्य प्राप्तियां, योजना (1394), लोक सेवा केन्द्र संचालकों पर अधिरोपित शास्ति मद में जमा कराया जाये.

# नि :संतान परीक्षण एवं परामर्श शिविर आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा, रोटरी क्लब आफ भेलसा एवं हर हेल्थ भोपाल द्वारा नि:संतान दंपतियों के लिए परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन आज 20 रविवार को प्रात: 10 से दोपहर 2 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला में डाक्टर प्रिया भावे चितावर की उपस्थित में सम्पन्न होगा. शिविर में परामर्श एवं परीक्षण शुगर रोग विशेषज्ञ डाक्टर सचिन चितावर भोपाल करेंगे.**

शिविर में शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा, उधोगपति व समाजसेवी राकेश शर्मा, रीजनल कोऑर्डिनेटर सुजीत देवलिया एवं रोटेरियन संजीव शर्मा सहायक मंडलाध्यक्ष का आतिथ्य एवं शहर के गणमान्य नागरिकों व वरिष्ठ समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी.क्लब अध्यक्ष रोटे. दिनेश रामानी व शिविर प्रभारी रोटे. रामबाबू शर्मा ने बताया कि इस शिविर में पंजीकृत मरीजों निसंतान दंपतियों का नि:शुल्क परीक्षण व परामर्श डाक्टर प्रिया भावे चितावर द्वारा एवं डाक्टर सचिन चितावर शुगर रोग विशेषज्ञ द्वारा मार्गदर्शन किया जावेगा.साथ ही हर हेल्थ भोपाल की टीम द्वारा शिविर स्थल पर नि:शुल्क शुगर एवं थायराइड की जांच भी की जावेगी.शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील रोटरी क्लब आफ भेलसा विदिशा व हर हेल्थ भोपाल परिवार ने की है.उक्त जानकारी रोटरी क्लब आफ भेलसा विदिशा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी रवि तलरेजा ने दी है.

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी लाइन में निकला अजगर

## 5 फीट लंबे अजगर से मरीजों में मची अफरा-तफरी



नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ओपीडी में पर्चा बनवाने की लाइन में लगे मरीजों के बीच अचानक 4 से 5 फीट लंबा अजगर निकल आया. अजगर को सामने देखकर मरीज डर के मारे इधर-उधर भागने लगे, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति बन गई.**

बताया जा रहा है कि अस्पताल परिसर में काफी समय से घास और झाड़ियां एवं खरपतवार तरीके से उगी हुई हैं, जिससे सांप-बिच्छू निकलने का खतरा बना रहता है.वहीं, अस्पताल परिसर में स्थित पुराना पोस्टमार्टम रूम जर्जर हालत में है और किसी भी समय गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है. स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से अस्पताल की साफ-सफाई और रखरखाव पर ध्यान देने की मांग की है, ताकि मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधायक ने ली सरपंच-सचिवों की बैठक

नवभारत न्यूज

**कुरवाई,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 23 जुलाई को प्रस्तावित कुरवाई दौरे को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है. इसी क्रम में शनिवार को आजीविका भवन में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने कुरवाई जनपद अंतर्गत सरपंचों एवं सचिवों की विशेष बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक और जनसामान्य की भागीदारी से अभूतपूर्व बनाने का संकल्प लिया गया.विधायक हरि सिंह सप्रे ने सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक हितग्राहियों एवं आम नागरिकों को कार्यक्रम स्थल तक लाने का आग्रह किया.उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे, इसके लिए यह दौरा एक महत्वपूर्ण अवसर है.सरपंचों और सचिवों ने भी एक स्वर में कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रतिबद्धता जताई.तैयाररियों को लेकर सभी ग्रामों से जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय हितग्राहियों और जनता की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया. क्षेत्र में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है यह आयोजन न केवल विकास कार्यों की समीक्षा बल्कि जनता और सरकार के बीच सेतु बनाने की दिशा में भी एक अहम कदम साबित होगा.

# विद्यार्थियों ने लिया स्वदेशी संकल्प

## स्वदेशी सुरक्षा स्वावलंबन विषय पर संगोष्ठी



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में शनिवार को सांदीपनी विद्यालय में एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य विषय स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन रहा. जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के तरुण यादव ने अपने विचार प्रस्तुत किए. उन्होंने अपने बौद्धिक में भारत के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में स्वदेशी उत्पादों और आत्म निर्भरता की भूमिका पर प्रकाश डाला.**

उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं पर अत्याधिक निर्भरता से न केवल हमारी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराएं भी प्रभावित होती हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें. भारतीय उद्योगों को समर्थन दें. और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बनें. इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच स्वदेशी संकल्प का सामूहिक वाचन भी किया गया. जिसमें उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और देश की उन्नति में योगदान देने का संकल्प लिया. स्वदेशी जागरण मंच के जिला सहसंयोजक चरण सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी भावना जागृत करना और उन्हें स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना है. इस दौरान विद्यालय प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, सत्यनारायण शर्मा, करण सिंह विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे.


## शिक्षक की मेहनत रंग लाई, स्कूल बढ़ा नामांकन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला मुख्यालय से मात्र 18 किलोमीटर पर स्थित ग्राम पंचायत साकल्तखेड़ा की प्राथमिक शाला में वर्ष 2021 में मात्र 9 बच्चे थे.लेकिन जैसे ही अखिलेश कुशवाहा यहां स्थानांतरण होकर आए तो उन्होंने अपने प्रयास से गांव में घर घर जाकर संपर्क किया और अभी 2025 में वहां विद्यार्थियों की संख्या 37 है. एक और जहां शासकीय स्कूलों में नामांकन कम हो रहा है.वहीं एक शिक्षक की मेहनत से वहां पर नामांकन मैं वृद्धि हो रही है. इस वर्ष उनकी संस्था में शासकीय प्राथमिक शिक्षक उमेश साहू ने भी अपने बच्चों का प्राइवेट स्कूल से नाम कटा कर शासकीय शाला सांकल खेड़ा में नाम लिखवाया है. उमेश साहू ने कहा प्राइवेट स्कूलों से तो अच्छी पढ़ाई शासकीय स्कूलों में हो रही है.हम इतनी फीस क्यों दें.हमारे स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से अच्छा है हम अपने और साथियों से भी कहेंगे कि वह शास.शालाओं में अपने बच्चों के नाम लिखवाए.

# श्रावण मास में पार्थिव पूजन से दस हजार कल्प तक मिलता स्वर्ग में स्थान-हरिहरदास

## वेदांत आश्रम में प्रतिदिन हो रहा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में पावन सावन के मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ रुद्राभिषेक किया जा रहा है.प्रतिदिन अलग-अलग रूपों में शिवलिंग निर्माण के पश्चात भगवान शिव का पंचामृत स्नान, पूजन के साथ उनका अद्भुत श्रंगार किया जाता है. शनिवार को आश्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया.**

शिवपूजन के दौरान आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि जो प्रतिदिन पार्थिव पूजन करता है, उसे इस लोक और परलोक में भी अखंड शिव भक्ति प्राप्त होती है. सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है, क्योंकि यह महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव पूजन से दस हजार कल्प तक स्वर्ग में स्थान मिलता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है. आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेद अध्यापक शिवशंकर पांडेय बनारस ने पार्थिव पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कच्ची मिट्टी का शिव-लिंग बनाकर उसका किया जाने वाला पूजन पार्थिव पूजन कहलाता है.सावन मास को शिव जी का माह माना जाता है, इसलिए इन दिनों पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव पूजन करना विशेष पुण्य प्रदायक होता है। शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से करोड़ों यज्ञों के बराबर फल भी प्राप्त होता है. कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ऋषि ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था. शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र की प्राप्ति होती है.वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है.पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है. शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दु:खों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है. भगवान श्री राम ने भी लंका पर विजय पाने व रावण के साथ युद्ध करने से पहले पार्थिव शिवलिंग की पूजा की थी.श्री राम द्वारा इस पूजा को करने के बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी.न्याय के देवता शनिदेव ने भी सूर्य से अधिक शक्ति पाने के लिए काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान महादेव की पूजा की थी.

लापरवाही | मच्छरों की भरमार, फॉगिंग मशीनें खा रहीं धूल

# नगर में मच्छरों की भारी बढ़ोतरी, नगर परिषद उदासीन



नवभारत न्यूज

**सांची, ऐतिहासिक और विश्व विख्यात नगर सांची में इन दिनों मच्छरों की भारी संख्या से जनजीवन प्रभावित हो रहा है. नगर में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से स्थिति और गंभीर होती जा रही है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर को विश्व स्तरीय स्वरूप देने की बड़ी-बड़ी घोषणाएँ समय-समय पर सुनने को मिलती हैं, परंतु जमीनी हकीकत इन दावों के ठीक विपरीत नजर आती है.नगर में नागरिक सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन सुविधाएँ सिर्फ कागजों में सीमित रह जाती हैं.नगरभर में मच्छरों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी जा रही है. पूर्व में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग मशीनों का उपयोग नियमित रूप से होता था, परंतु अब न तो छिड़काव किया जा रहा है और न ही फॉगिंग मशीनें चलाई जा रही हैं.उल्लेखनीय है कि नगर परिषद द्वारा दो बार फॉगिंग मशीन खरीदी गई, लेकिन तकनीशियन के अभाव में उनका उपयोग ही नहीं हो पाया, जिससे नागरिक मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों के डर से जीने को मजबूर हैं.

### बारिश ने खोल दी व्यवस्थाओं की पोल

हर वर्ष बारिश से पूर्व नगर में तैयारियों के दावे किए जाते हैं, परंतु पहली बारिश में ही सड़कों की हालत खराब हो जाती है। कई मोहल्लों में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से दलदल जैसी स्थिति बन जाती है। यही नहीं, नगर की प्रकाश व्यवस्था भी बदहाल है. अनेक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें महीनों से बंद पड़ी हैं.नगर में भवन, नालों और सड़कों के निर्माण कार्य तो जारी हैं, परंतु इनकी निगरानी के लिए कोई तकनीकी अधिकारी मौजूद नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के भरोसे की जा रही है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है.नगर परिषद कार्यालय में बिजली तकनीशियन का अभाव है. बिजली से जुड़े काम भी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के हवाले हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है.प्रशासन इस ओर भी उदासीन है.कार्यालय में अधिकांश शाखाओं में प्रभारी अधिकारियों की कमी है.स्वीकृत पदों के मुकाबले कर्मियों की संख्या काफी कम है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है.अन्य कर्मचारियों को अतिरिक्त कार्यभार वहन करना पड़ रहा है.नगर परिषद की निष्क्रियता का लाभ उठाकर अतिक्रमणकारियों ने नगर की अनेक शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। न तो इन अतिक्रमणों को रोका गया और न ही किसी तरह की कार्रवाई की गई.शासन की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर नागरिकों में आक्रोश है.

### वेतन से कटी सुरक्षा राशि में गड़बड़ी

नगर परिषद के कर्मचारियों के वेतन से वर्षों से काटी जा रही पीएफ और अन्य सुरक्षा निधियों की राशि में भी गड़बड़ी सामने आई है. कई कर्मचारी अपनी ही राशि के भुगतान के लिए चक्कर काटने को मजबूर हैं.ऐतिहासिक नगर सांची में नगर परिषद कार्यालय की लचर व्यवस्था, कर्मचारियों की कमी, स्वच्छता की उपेक्षा, तकनीकी कर्मचारियों का अभाव, और मच्छरों की समस्या जैसी गंभीर चुनौतियों से नागरिक जूझ रहे हैं.करोड़ों रुपये की योजनाएं केवल कागजों में रह गई हैं और प्रशासनिक तंत्र की निष्क्रियता के चलते नगरवासी सुविधाओं से वंचित हैं.

# पंचतत्व ने 25 पौधों का किया रोपण




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** पंचतत्व ने यह ठाना है कि हर हाथ से पौधा लगाना है.अभियान के अंतर्गत विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए., बरींघाट रोड स्थित चौरावर में क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने ओर पंचतत्व संरक्षण समिति ने जामुन,पीपल,आम,सीताफल,बरगद,नीम, बेलपत्र, आंवला, गुलमोहर ओर सप्तपर्णी जैसे किस्मों के 25 पौधों का रोपण किया, जिनके संरक्षण की जवाबदारी क्रेशर यूनियन के सदस्यों ने ली है ,विदित हो यूनियन के सदस्यों ने क्रेशर क्षेत्र में एक लगभग 15000 वर्गफिट की जगह को चारों ओर जाली लगाकर भैरोंबाबा एवं सिद्ध बाबा स्थल बनाया है, इसी बाउंड्री के अंदर पौधों को लगाया गया है, यूनियन के सभी सदस्यों ने इन पौधों को सुरक्षित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया है, पौधे पंचतत्व समिति के वरिष्ठ सदस्य विजय सोलंकी ने उपलब्ध कराएं हैं .इस अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज राठौर,संजय भंडारी, मंगल सिंह राजपूत, ईश्वर सिंह, मुकेश रघुवंशी, अब्दुल मतीम, जीवन वैष्णव, अनंत सिंह, गोलू यादव, झब्बू, राकेश आदि उपस्थित थे.